(b) The Helicopter Corporation of India does not have any plans, at the moment, of acquiring of large and small helicopters.

(c) No, Sir.

दिल्ली के अस्पतालों में रैफरल योजना

425. **श्री जगदंबी प्रसाद यादव :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली नगर निगम के सभी बड़े अस्पतालों को रेफरल अस्पतालों के रूप में परिवर्तित करने का कोई योजना है, यदि हां, तो यह कब तक कार्यान्वित की जायेगी ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्ड) : (क) और (ख) दिल्ली स्थित केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिये स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अनेक प्रस्तावों पर विचार कर रहा है। इनमें से एक प्रस्ताव ऐसे अस्पतालों में उपचार को रेफरल पद्धति स्थापित करने के बारे में है । इस प्रकार के प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है ।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का विकास

426. **श्री जगदंबी प्रसाद यादव :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल तथा कालेज स्तर पर सभी प्रकार के खेलों के विकास हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं क्योंकि वहां न तो खेल के मैदान है और न ही अन्य सुविधायें उपलब्ध हैं ; और

(ख) इस संबंध में भावी योजनायें क्या है ?

युवा कार्यक्रम और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) और (ख) स्कूल और कालेज जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूल और कालेज भी शामिल हैं, में खेलों के बहुमुखी विकास को बढ़ावा देने को ध्यान में रखकर खेल तथा शारीरिक शिक्षा को सीखने की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग बनाया गया है और यह शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति 1986 में व्यवस्था के अनुसार निष्पादन के मूल्यांकन में शामिल की जायेगी । इसी बीच में , स्कूलों और कालेजों में खेलों को बढ़ावा देने के लिये कुछ नई योजनायें पहले ही चल रही हैं, जिनमें से पुरुस्कार राशि के जरिये स्कूलों में खेल कूद को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज, प्रतियोगिता, राष्ट्रीय खेल संगठन योजना, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियां आदि का उल्लेख किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त, विभाग और राज्य सरकारों की कई अन्य योजनायें भी स्कूली बच्चों जिनमें अन्य सभी शामिल हैं, को लाभ पहुंचाती हैं ।

Helicopter services in private sector

427. SHRI BHAGATRAM MANHAR: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the H. C. I. is likely to take over all the helicopters services in India; and

(b) if not, what are the areas/sectors reserved for the H.C.I. and those left open for private operators?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) No, Sir.

(b) Helicopter acquired by the Helicopter Corporation of India will initially be utilized mainly for providing air transport